
# डोडा-चूरा तस्करी में ढाई साल से फरार तस्कर एसओजी के हत्थे चढ़ा

## 17 क्विंटल 52 किलो 600 ग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा तस्करी मामले में फरार चल रहा था ट्रक चालक गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) राजस्थान ने कार्रवाई करते हुए 17 क्विंटल 52 किलो 600 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा तस्करी के मामले में फरार चल रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि यह कार्रवाई वर्ष 2022 में दर्ज प्रकरण से जुड़ी है। 11 मई 2022 को चित्तौड़गढ़ जिले के सदर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया था। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया



आरोपी महेन्द्र विश्नोई

था,जबकि ट्रक चालक फरार हो गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए एसओजी ने महेंद्र विश्नोई (25) निवासी कापरड़ा जिला जोधपुर

- **यह वर्ष 2022 में का है, चितौड़गढ़ थाना पुलिस ने नशे की खेप के साथ दो आरोपियों को पकड़ा था, लेकिन यह ट्रक ड्राईवर फरार हो गया था**

ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी ने आरोपी महेंद्र विश्नोई को गिरफ्तार कर एनडीपीएस कोर्ट, चित्तौड़गढ़ में पेश किया। जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी से मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन पूछताछ जारी है। एसओजी की जांच में सामने आया कि आरोपी ट्रक नंबर डीडी-01-एफ-9739 के जरिए अवैध डोडाचूरा का परिवहन कर रहा था।

पुलिस कार्रवाई के दौरान वह मौके से फरार हो गया था और अन्य तस्करों के संपर्क में रहकर छिपता फिर रहा था। इस मामले में सदर थाना चित्तौड़गढ़ में प्रकरण संख्या 177/22 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 एवं 8/29 में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान कुल छह अन्य आरोपियों की संलिप्तता भी सामने आई थी। इस प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है और आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# ‘फार्मासिस्ट की सेवा जारी रखने से संबंध में एक माह में करें निर्णय’

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और संबंधित सीएमएचओ को कहा है कि वह यूटीबी पर लगे फार्मासिस्ट की सेवा जारी रखने के संबंध में एक माह में निर्णय करे। इस दौरान पूर्व में समान मामले में दिए निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। जस्टिस अशोक जैन की एकलपीठ ने यह आदेश उदयभान व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता यूटीबी आधार पर कई सालों से चिकित्सा विभाग में फार्मासिस्ट के तौर पर काम कर रहे हैं। विभाग की ओर से हाल ही में फार्मासिस्ट के पदों पर नियमित भर्ती कर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई, लेकिन कई जिलों में फार्मासिस्ट के दर्जनों पर रिक्त रह गए। दूसरी ओर इस भर्ती का हवाला देते हुए विभाग ने याचिकाकर्ता को मौखिक रूप से आदेश जारी कर कार्य पर आने से मना कर दिया। विभाग अब खाली रहे पदों को संविदा पर भरेगा, जबकि नियमानुसार एक संविदाकर्मी के स्थान पर दूसरे को नियुक्ति नहीं दी जा सकती।

# पारंपरिक कलाओं को कलाकारों ने सदा जीवित रखा हैं : राज्यपाल

## ‘अंग्रेजों ने हस्तकलाओं और घरेलू उद्योगों को नष्ट करने का कार्य किया, ताकि देश सदा गुलाम बना रहे’

**जयपुर** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में दृश्यकला विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय महिला लोक कला शिविर का शुभारंभ किया।

राज्यपाल ने इस दौरान देश के विभिन्न प्रांतों से आई कलाकारों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी हस्तकलाओं, चित्रकला आदि से जुड़े कुटीर और घरेलू उद्योग बंद किए। उन्होंने महात्मा गांधी का संदर्भ देते हुए कहा कि घरेलू उद्योग बंद कर लोगों को भूखे रहने पर इसलिए मजबूर किया गया कि देश की संस्कृति को जड़ से समाप्त कर दिया जाए और लोग सदा गुलाम बने रहे।



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय महिला कला शिविर का शुभारंभ करने के बाद स्टॉल्स का अवलोकन किया।

राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों को यह बात मालूम नहीं थी कि कपास से कपड़ा बनता है। भारत में आकर उन्होंने यह जाना। उन्होंने अजंता की चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए कहा कि सातवीं सदी में हमारे यहां जहाज के चित्र मिले हैं। हमारे यहां ऐसी कलाकृतियां बनती थी जिनके रंग कभी फीके नहीं पड़ते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय कलाओं से प्रेरणा लेकर ही पश्चिम के देशों ने बहुत से आविष्कार किए, हमारी कला और कारीगरी को लूट ले गए पर हमारे पारंपरिक कलाकारों ने कलाओं को सदा जीवित रखा है। इसलिए पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि लोक कलाएं और शिल्प स्थान विशेष की संस्कृति और जीवन को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान कलाओं का गढ़ रहा है।

उन्होंने महिला चित्रकला और शिल्प शिविर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे कला शिविर पारंपरिक कलाओं के संरक्षण के साथ इनसे जुड़ी आधुनिक कला दृष्टि से विद्यार्थियों को जोड़ते है। राज्यपाल बागडे ने आरम्भ में राष्ट्रीय महिला कला शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।

उन्होंने कला शिविर के अंतर्गत लगाए गए लोक कला स्टॉल का भी अवलोकन किया। उन्होंने बिहार, ओडिसा, पश्चिम बंगाल आदि से आए लोक कलाकारों की कला के बारे में भी जानकारी ली। कला शिविर में देश के विभिन्न राज्यों की 32 महिला कलाकार भाग ले रहीं हैं।

# चेतावनी महारैली को समर्थन दिया

**जयपुर** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद नाटाणी ने बताया कि 12 जनवरी को चेतावनी महारैली के समर्थन में शुक्रवारको राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह के नेतृत्व में ‘‘जयपुर चलो-जयपुर चलो’’ चेतावनी महारैली के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड, सहायक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह, जयपुर जिला अध्यक्ष महेन्द्र तिवाडी, उपाध्यक्ष एवं राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के खेल सचिव मधुर मलिक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मोहन लाल मीणा सहित महांसघ के लेखराज वर्मा भी उपस्थित रहे। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि मण्डल कर्मचारीयों ने चेतावनी महारैली में जौर-शौर का परिचय देते हुए महासंघ को आश्वासन दिया कि मण्डल के प्रदेश भर में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी आकस्मिक अवकाश लेते हुए महासंघ की 7 संकल्प एवं 11 सूत्रीय मांगो के समर्थन में पूर्ण समर्थन करने का आश्वासन देते हुए प्रदेशभर के मण्डल कर्मचारियों से चेतना रैली में शामिल होने का आग्रह किया।

# कृषि श्रेणी में भी डिस्कॉम्स को डिफेक्टिव मीटर मुक्त बनाने का लक्ष्य : आरती डोगरा

## नए साल में उपभोक्ता सेवाओं पर रहेगा जयपुर डिस्कॉम का फोकस

**जयपुर** (कासं)। चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने कहा कि जयपुर विद्युत वितरण निगम नए साल में उपभोक्ता सेवाओं और सप्लाई को बेहतर करने, बिजली छीजत रोकने, आरडीएसएस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शत-प्रतिशत राजस्व रिकवरी पर प्रमुखता से फोकस करेगा। उन्होंने कहा कि गैर कृषि श्रेणी में सभी डिफेक्टिव मीटर बदलकर निगम कार्मिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ निश्चय से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अब कृषि श्रेणी में भी निगम को डिफेक्टिव मीटर मुक्त बनाना है ताकि सभी उपभोक्ताओं की वास्तविक उपभोग के आधार पर बिलिंग की जा सके।



डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने शुक्रवार को तीनों विद्युत वितरण निगमों के अभियन्ताओं की बैठक ली।

डिस्कॉम्स चेयरमैन शुक्रवार को विद्युत भवन में तीनों विद्युत वितरण निगमों के अभियन्ताओं को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने शून्य डिफेक्टिव मीटर (गैर कृषि) बनाने के प्रयासों के लिए सभी को बधाई तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

डोगरा ने कहा कि यह किसी एक की नहीं, टीम जयपुर डिस्कॉम की सफलता है, जिसमें अधीक्षण अभियन्ता से लेकर मीटर रीडर तक समस्त तकनीकी स्टाफ तथा सहायक राजस्व अधिकारी से लेकर फील्ड स्तर तक समस्त गैर तकनीकी कार्मिकों का बराबर का योगदान है। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलें, समय पर कनेक्शन जारी हों, उसके लिए आवेदक को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ें, मीटर बदलने के लिए इंतजार नहीं करना पड़े, ट्रिपिंग कम से कम हो और हमारा रेस्पॉन्स टाइम न्यूनतम हो।

बैठक के दौरान कोटपूतली अधीक्षण अभियन्ता मनोज गुप्ता ने सर्किल को डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने, करौली अधीक्षण अभियन्ता रूपसिंह गुर्जर ने राजस्व रिकवरी तथा विजिलेन्स गतिविधियों, राजसमंद अधीक्षण अभियन्ता श्री भवानी शंकर शर्मा ने आरडीएसएस योजना तथा जोधपुर जिला वृत्त के अधीक्षण अभियन्ता संजीव माथुर ने छीजत कम करने से संबंधित नवाचारों पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवर लाल, अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक के.पी.वर्मा सहित तीनों वितरण निगमों के निदेशक (तकनीकी), संभागीय मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिशाषी अभियन्ता तथा सहायक अभियन्ता वीसी के माध्यम से जुड़े।

# अवैध वसूली का खेल : कैफे संचालक सहित तीन पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध वसूली के मामले में कैफे संचालक और तीन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच के अनुसार कैफे संचालक ने अपने दोस्त से पैसे लेने के लिए पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर प्लान बनाया था। प्लानिंग के तहत पुलिस वालों ने दोस्त को डरा-धमकाकर उससे रुपए मंगवाए थे। मामले में रुपए लेकर फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध वसूली मामले में आरोपी पवन कुमार गुर्जर (36) निवासी नदबई जिला भरतपुर हाल रजत पथ मानसरोवर, बाबूलाल मीणा (40) निवासी श्यामपुरा चंदवाजी जयपुर ग्रामीण, कैलाश चन्द (37) निवासी श्रीमाधोपुर जिला सीकर और अनिल कुमार रागेरा (38) निवासी बानसूर जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पवन कुमार गुर्जर रजत पथ पर कैफे चलाता है। आरोपी बाबूलाल मीणा व अनिल कुमार रागेर मानसरोवर थाने में पुलिस कांस्टेबल और आरोपी कैलाश चन्द नारायण विहार थान का पुलिस कांस्टेबल है। जहां अवैध वसूली में भूमिका मिलने पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। रुपए लेकर भागे इनके साथी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

गौरतलब है कि मानसरोवर थाने में 31 दिसम्बर को परिवादी गोपाल सिंह गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने दोस्त योगेश पटेल के साथ उसकी थार गाड़ी में भारत माता सर्किल वाली रोड पर घूम रहा था। वहां पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रुकवाया और धमकाया कि तुम उल्टा-सीधा काम करते हो और जॉब से सस्पेंड करवा देंगे। वो रुपयों की डिमांड करने लगे। पुलिसकर्मियों ने योगेश को उसके हॉस्टल भेजकर छोटे भाई से पैसे मंगवाए। पुलिस वाले उसे अपनी गाड़ी में लेकर बैठे रहे। योगेश रुपए लेकर स्वर्ण गार्डन के सामने आया। तब दो पुलिसकर्मी उसे कहीं दूर लेकर चले गए। 20 मिनट बाद दोनों पुलिस वाले आकर बोले- हमें तेरे दोस्त ने कुछ नहीं दिया है। इसके बाद स्वर्ण पथ की तरफ घुमा कर वापस मेट्रो स्टेशन के पास लेकर खड़े हो गए। कुछ देर बाद कहा कि तेरे दोस्त योगेश से बात हो गई, हमें पैसे मिल गए। उसके बाद ऑटो रिक्शा में बैठाकर उसे छोड़ दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि परिवादी गोपाल सिंह और उसके दोस्त योगेश पटेल के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर झगड़ा चल रहा है। योगेश को पता था कि गोपाल के पास पैसे आए हुए है, जो पीजी हॉस्टल में रखे है।

# सांगानेर के मोहनपुरा में तेंदुए की दहशत

**जयपुर** । सांगानेर क्षेत्र के वाटिका स्थित मोहनपुरा इलाके में तेंदुए की दस्तक से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पिछले तीन-चार दिनों से तेंदुए की मौजूदगी के चलते ग्रामीणों की रातों की नींद उडी हुई है। एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तेंदुए की मूवमेंट कैद होने के बाद वन विभाग भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इलाके में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इसके बाद एहतियात के तौर पर स्थानीय लोगों से अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है। साथ ही तेंदुए को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने के लिए विशेष टीम तैनात कर दी गई है।

वन विभाग की टीम को इलाके में तेंदुए के पगमार्क भी मिले हैं। पदचिह्नों के आधार पर आसपास के खेतों और आबादी क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। तेंदुए को पकड़ने के लिए शुक्रवार को इलाके में पिंजरा भी लगाया गया है। इसके अलावा वन विभाग की टीमें अलग-अलग चरणों में गश्त कर रही हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

- **पिछले तीन-चार दिनों से तेदुए की मूवमेंट से लोगों में दहशत का माहौल**

वन विभाग ने स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों से कहा गया है कि वे पालतू पशुओं को सुरक्षित बाड़ों में रखें और छोटे बच्चों को अकेले घर के बाहर न खेलने दें। इसके साथ ही खेतों पर जाने वाले किसानों को समूह में शोर मचाते हुए जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा वन विभाग ने ग्रामीणों से अपने घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने की अपील की है, ताकि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। फिलहाल वन विभाग की टीम को तेंदुए को रेस्क्यू करने में सफलता नहीं मिली है, लेकिन निगरानी और सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। वन विभाग का कहना है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है और तेंदुए को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# जयपुर की सड़कों पर दिखी सेना की ताकत

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में 15 जनवरी को होने वाली आर्मी-डे परेड को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सेना की ओर से शहर की सड़कों पर रिहर्सल शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को हुई रिहर्सल में सेना के मार्च पास्ट, टैंक, मिसाइल, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्ध क्षमताओं का अभ्यास किया गया। इस दौरान हेलिकॉप्टरों की फ्लाई-पास्ट की भी प्रैक्टिस हुई, जिससे शहर का आसमान देश भक्ति के रंग में रंग गया। रिहर्सल के दौरान सैन्य सुरक्षा बल की टुकड़ियां फ्लैग मार्च करती नजर आईं। इस अभ्यास में नेपाल आर्मी का बैंड भी शामिल हुआ। सुरक्षा के मद्देनजर महल रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्थाएं पहले से लागू कर दी गई हैं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जयपुर के लिए यह आयोजन ऐतिहासिक होने जा रहा है। पहली बार आर्मी डे परेड सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आयोजित की जाएगी। मुख्य परेड 15 जनवरी को महल रोड (जगतपुरा) पर होगी। इससे पहले 9, 11 और 13 जनवरी को रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जिसे आम लोग भी देख सकेंगे।

# नौकरी दिलाने के बहाने बुलाकर लूट की वारदातें करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना और उसके पांच साथियों को दबोचा

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के बहाने युवक को बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सरगना उदय मेहरा सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में जुलूस निकालकर पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की पूरी राशि एक लाख रुपए और पीड़ित का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के बहाने युवक को बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सरगना उदय मेहरा (21) निवासी करधनी, आनन्द नागर (19) निवासी ब्रह्मपुरी, वंश



ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने लूट की वारदातें करने वाले बदमाश दबोचे।

भटनागर (20) निवासी ब्रह्मपुरी, समीर सक्सेना उर्फ चिनु सक्सेना (21) निवासी ब्रह्मपुरी और करण सिंह सोलंकी (25) निवासी ब्रह्मपुरी, तनिष्क सैन (20)निवासी ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग का मुख्य सरगना उदय मेहरा था, जिसने पीड़ित को नौकरी का झांसा देकर जयपुर बुलाया। प्लानिंग के अनुसार जलमहल की पाल पर सुनसान इलाके जगह ले गया, जहां अन्य साथी पहले से मौजूद थे। सभी ने मिलकर मारपीट कर डराया और यूपीआई के जरिए खाते से रुपए ट्रांसफर करवा लिए और मोबाइल लूट लिया। फिलहाल आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और अन्य आपराधिक वारदातों में उनकी संलिप्तता को लेकर भी जांच की जा रही है।

- **पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य आपराधिक वारदातों में उनकी संलिप्तता भी खंगाल रही है**

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि एक जनवरी को पीड़ित परमेश ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि करीब एक माह पहले उसने उदय मेहरा से जयपुर में काम दिलवाने के लिए संपर्क किया था। आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा देकर जयपुर बुला लिया। पीड़ित के अनुसार वह जयपुर आकर ठहरा हुआ था। 30 दिसंबर 2025 को शाम करीब 8 बजे उदय मेहरा उसे काम दिलवाने के बहाने जलमहल की पाल पर ले गया। वहां पहले से मौजूद उसके अन्य साथी भी आ गए। सभी मिलकर पीड़ित को जंगल की ओर ले गए। मारपीट की और डरा-धमकाकर रुपयों की मांग की। भय के कारण पीड़ित ने पिता से अपने खाते में एक लाख रुपए डलवाए, जिसे आरोपियों ने उसके मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर लिया। मोबाइल फोन भी छीन लिया। वहीं मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र से आरोपियों की गतिविधियों का रूट चार्ट तैयार किया और पीछा करते हुए सभी को गिरफ्तार किया।

# अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर 50 वाहन जब्त, 50 लाख रु. जुर्माना वसूला





अरावली क्षेत्र में अवैध खनन करने वाले लोगों पर कार्रवाई कर पुलिस और जिला प्रशासन ने मशीनों को जब्त किया।

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर जिले में अरावली पर्वतमाला क्षेत्र की पारिस्थितिकी के संरक्षण एवं अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में विगत 5 दिनों के दौरान खनिज विभाग, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

खनि अभियंता श्याम चौधरी ने बताया कि संयुक्त टीमों द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध खनन में संलिप्त भारी मशीनरी एवं परिवहन वाहनों को जब्त किया गया।

कार्रवाई के दौरान अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में प्रयुक्त कुल 2 एक्सकेवेटर मशीन, 14 डंपर तथा 34 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 50 वाहन जब्त किए गए। इस दौरान कुल 46 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 50 लाख 36 हजार रुपये की शास्ति राशि वसूल कर राजकोष में जमा कराई गई। इसके अतिरिक्त अवैध खनन एवं निर्गमन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस थाना शिवदासपुरा में 1, कोटखावदा में 2, चाकसू में 3 तथा कानोता में 1, एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

- **कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी के निर्देश पर हुई कार्रवाई, अवैध खनन करने वालों के खिलाफ 7 मामले दर्ज किए**

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि अरावली क्षेत्र की पारिस्थितिकी को क्षति पहुँचाने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के संयुक्त एवं सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# ‘‘आजाद भारत’’ फिल्म का प्रीमियर

**जयपुर** । अनसुनी महिला योद्धाओं के देश के प्रति प्रेम, बलिदान और जज्बे को दर्शाती जी स्टूडियोज की बॉलीवुड हिन्दी फिल्म आजाद भारत का स्पेशल प्रीमियर शुक्रवार को यहां मालवीय नगर स्थित सिनेपॉलिस में हुआ। फिल्म डायरेक्टर रूपा अय्यर ने महिला योद्धा नीरा आर्या का किरदार निभाया है, जिसे खासा पसंद किया जा रहा है। इस मौके पर फिल्म आजाद भारत की को- डायरेक्टर दीपा अय्यर ने पत्रकारों को बातचीत में बताया कि यह फिल्म भारत के आजादी की लड़ाई की है, जिसमें महिला योद्धाओं की अदम्य साहस के साथ उनकी भागीदारी को करीने से फिल्माया गया है। खासतौर से इस फिल्म में जंगे आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली नीरा आर्या को फोकस किया है, जिनके बलिदान का जिक्र इतिहास में कहीं दब गया है।